भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 4462
जिसका उत्तर मंगलवार 08 जनवरी, 2019 को दिया जाना है

भारी उद्योगों का बंद होना

4462. डॉ ए. सम्पत:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) नवरत्न उद्योगों के रूप में मान्यता प्राप्त करने के बावजूद बंद होने वाले भारी उद्योगों की संख्या कितनी है;

(ख) इसके क्या कारण हैं; और

(ग) स्थिर/मुनाफे में चल रही पीएसयू की संख्या कितनी है?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री
(श्री बाबुल सुप्रियो)

(क): 'नवरत्न' के रूप में घोषित भारी उद्योग विभाग (डीएचआई) के अधीन किसी भी केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम (सीपीएसई) को बंद नहीं किया जा रहा है।

(ख) एवं (ग): प्रश्न नहीं उठता।

******